## हाथियों में जमकर मचाया उत्पात घर को तोड़ा, अनाज किया चट



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के पसरिया गांव में बीती रात हाथी का का एक झुंड ने दस्तक देकर दर्जनभर ग्रामीणों का घर अनाज एवं फसल को नष्ट किया गया।झुंड में कुल 24 हाथी हैं जिसमें 20 व्यस्क एवं चार बच्चे हैं। बताया कि पसरिया गांव के शिकारी टुडू का घर, 6 क्विंटल अनाज, 50 डिसमिल फसल एवं चार दिवारी क्षतिग्रस्त किया गया। वहीं चरका मांझी का घर, 10 क्विंटल अनाज, रंजय हांसदा का घर, 5 क्विंटल अनाज, मन्नाडे टूडू का घर, चाहरदिवारी,6 क्विंटल अनाज, 50 डिसमिल फसल, महालाल टूडू का घर, 2 क्विंटल अनाज, 2 एकड़ फसल, छोटेलाल टुडू का घर, 3 क्विंटल अनाज, 50 डिसमिल फसल, रतनी देवी का घर, 2 क्विंटल अनाज, छोटकी मांझी का घर, 2 क्विंटल अनाज, संजय मांझी का घर, 5 क्विंटल अनाज, नेहरू लाल मांझी का घर, 3 क्विंटल अनाज, मीना हसंदा का घर, 2 क्विंटल अनाज, दशईराम मांझी का डेढ़ एकड़ फसल, सोहन एक्का का सावा एकड़ फसल, सहनिका एक्का, पचो मांझी अघनु उरांव का 1–1 एकड़ फसल, विजय कच्छप एवं बिगन कच्छप का 40–40 डिसमिल फसल का नुकसान पहुंचाया गया है।मौके पर समाजसेवी जोपाल मांझी,शंकर सोरेन, सूनूलाल बेसरा ने छ्ती हुए घरों का अवलोकन कर वन विभाग व सरकार से लोगों के लिए मुआवजे की मांग की है। आगे उन्होंने बताया कि पास के ही जंगल में सभी हाथी डेरा जमाए हुए हैं जिससे हम लोगों को रात में अपने घरों में भी रहने में डर लग रहा है।

## जुआ खेलते डोमचांच नगर पंचायत उपाध्यक्ष समेत 12 गिरफ्तार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत विद्यापुरी में जुआ खेलते डोमचांच नगर पंचायत के उपाध्यक्ष समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं कई जुआरी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार विद्यापुरी स्थित गौरी भगत के आवास पर बड़े पैमाने पर जुए का खेल चल रहा था। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के बाद तिलैया थाना पुलिस की टीम ने यहां छापेमारी की और रंगे हाथ जुआ खेलते 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में डोमचांच नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पप्पू मेहता के अलावा गुड्डू बहादुर, संतोष यादव, अंकुर सिंह, कुणाल चौधरी, छोटू, गौरी भगत, सोनू, अमिताभ और अन्नू शामिल हैं। मौके से सात लाख रुपये से अधिक नकद भी बरामद किए गए हैं। हर साल की तरह इस दीपावली में भी तिलैया थाना क्षेत्र में कई जगहों पर बड़े पैमाने पर 52 पत्ती के खेल की सूचना पुलिस को लगातार मिल रही थी। इसी दौरान मंगलवार देर रात लगभग 1.30 बजे जब पुलिस गौरी भगत के आवास पहुंची, तो वहां जुआ का खेल चल रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों को फिलहाल तिलैया थाना में हिरासत में रखा गया है। वहीं छापेमारी के दौरान फरार हुए जुआरियों की पहचान की जा रही है। मामले में तिलैया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## दो कार की जोरदार टक्कर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार की सुबह कोडरमा थाना अंतर्गत झंडा चौक के समीप दो कार की टक्कर हुई, वहीं खड़ा व्यक्ति को एक कार ने जाकर टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान इमरान अंसारी (उम्र 35 वर्ष पिता मो सलीम, रांची) के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार स्विफ्ट डिजायर कार बिहार से कोडरमा की तरफ आने के क्रम में कोडरमा झंडा चौक के समीप विपरीत दिशा से एक कार आकर जोरदार टक्कर मार देने से टक्कर होने के बाद एक व्यक्ति खड़ा जो एक कार जाकर एक व्यक्ति को टक्कर मार देने से व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद आनन–फानन में इसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस पहुंचकर दोनों गाड़ी को जप्त कर–के थाना परिसर में रखा और घायल व्यक्ति को अस्पताल भेजा गया।

## मोटरसाइकिल ने मारी टक्कर, बुजुर्ग घायल

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना क्षेत्र के कोडरमा–गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित मारुती चौक के समीप मोटरसाइकिल सवार ने पैदल रोड पार कर रहे एक बुजुर्ग को पीछे से मारी टक्कर जिसमें बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही बाईक सवार दो नाबालिक युवक भी घायल हो गए। घटना बुधवार सुबह लगभग 8 बजे की है। मोटरसाईकिल सवार घायल युवक की पहचान नवलशाही थाना क्षेत्र के तारटांड़ गांव निवासी कलीम अंसारी (उम्र 16 वर्ष पिता मुस्लिम अंसारी) व संजीत दास (उम्र 15 वर्ष पिता सुखदेव दास) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कलीम अंसारी अपनी मोटरसाइकिल संख्या जेएच 12एल 2071 से पहाड़पुर पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाकर नवलशाही बाजार स्थित स्कूल जा रहा था। इसी दौरान मारुती चौक के समीप पैदल रोड पार कर रहे एक बुजुर्ग को पीछे से टोकर मार दिया जिसमें बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पहचान खरखार गांव निवासी सहदेव सिंह उम्र 70 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उक्त सभी घायलों को पुरनाडीह स्थित निजी अस्पताल क्लिनिक पहुँचाया जहां सभी घायलों लोगों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए आनन फानन में 108 एम्बुलेंस से कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सकों द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया वहीं टक्कर में घायल बुजुर्ग व्यक्ति के माथे व मुँह में अत्यधिक गंभीर चोट रहने के कारण बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज हजारीबाग रेफर कर दिया।

## शिवपुर में राम कथा प्रवचन का आयोजन



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड शिवपुर ग्राम में माँ लक्ष्मी पूजा के उपलक्ष पर में लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर पांच दिवसीय राम कथा प्रवचन का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा नगरी देवघर के श्री श्री 108 बैकुंठ दास जी महाराज के परम प्रिय शिष्य बाल व्यास रणजीत शास्त्री जी महाराज के द्वारा दीपावली के शुभ दिन से राम कथा प्रवचन का प्रारम्भ किया गया। मंगलवार को प्रवचनकर्ता के द्वारा राम और शिव, पार्वती के प्रसंग पर प्रवचन किये जिससे महिलाए और पुरूषों ने खूब भक्ति के रस में गोता लगाया। साथ ही साथ प्रवचन के बीच बीच में भजन गाकर लोगों को खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवपुर पूजा समिति अध्यक्ष अशोक कुमार (शशि), सचिव पुरसोतम सिंह, सदस्य मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, विनय सिंह, साथ ही साथ पूरे गांव के लोग सहयोग कर रहें हैं। शिवपुर के अलावे बासोडीह, खुटा, मरचोई गांव में भी माँ लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गयी।

## निशा वस्त्रालय रेडीमेड शो रूम का उद्घाटन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के ग्राम जामु स्थित कोडरमा कोवाड मार्ग पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामु के समीप निशा वस्त्रालय रेडीमेड शो रूम का उद्घाटन पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने फीता काट कर किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की दुकानें बाजार में खुल जानें से लोगों को शहर की ओर नहीं भागना पड़ेगा। शो रूम के प्रोप्राइटर बीरेंद्र राणा ने बताया कि हम युवाओं को उनके पसन्दीदा नये–नये फैशन के कपड़े उचित दाम पर उपलब्ध कराएंगे। मौके पर मुखिया नीता कुमारी, पूर्व मुखिया चंद्रिका प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि कैलाश प्रसाद यादव, उप मुखिया पिंटू कुमार, समाजसेवी रविंद्र गुप्ता, शंकर गुप्ता, शिव शंकर साव, भरत कुमार, पंचायत समिति सदस्य संदीप कुमार, विजय कुमार गुप्ता, शंकर गुप्ता, विनोद यादव, जितेंद्र कुमार साहा, पोखराज गुप्ता, रामप्रसाद साव, हरि साव, पंसस दीपक राम, चंद्रिका यादव, अशोक यादव, नवीन यादव, मुंशी साव, गणेश साव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## अवैध कोयला कारोबारी वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना कांड संख्या 4/15 धारा 379, 413, 34 भादवी 30(2) भारतीय वन अधिनियम के अवैध कोयला कारोबारी फरार वारंटी विनोद साव, पिता मंगर साव, साकिन पियरवाटांड थाना मुफस्सिल जिला हजारीबाग को बड़कागांव पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस संबंध में थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध कोयला कारोबार फरारी वारंटी विनोद साव 2015 से फरार चल रहा था जिसके घर में लाल वारंट तक चिपकाया गया। तत्पश्चात बीती रात एसआई विजय सिंह के नेतृत्व में छापामारी कर गिरफ्तार किया गया जिसे आज हजारीबाग जेल भेज दिया गया। श्री तिर्की ने आगे बताया कि सभी वारंटियों का गिरफ्तार करने की सिलसिला निरंतर जारी रहेगी।

## सांसद एवं विधायक ने पावर सब स्टेशन का उद्घाटन किया

# बिजली की समस्या दूर होगी : अन्नपूर्णा देवी



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत परसाबाद नवनिर्मित पावर सब स्टेशन का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने संयुक्त रूप से बुधवार शाम को किया। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बिजली की समस्या समाप्त होगी हर गांव में बेहतर सुविधा मिलेगी। बिजली है तो जीवन में उजाला है। बच्चे बूढ़े सभी को रोशनी की जरूरत पड़ती है, बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों में पढ़ाई में बाधा उत्पन्न होती थी लेकिन अब यह समस्या नहीं रहेगी। वहीं बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि हर एक गांव गांव में बिजली की समस्या समाप्त होगी। जहां-जहां रोड खराब है सभी जगह में नई सड़को का निर्माण किया जाएगा। पावर सब स्टेशन उद्घाटन होने के बाद ग्रामीणों व विद्यालय के बच्चों में उत्सुकता देखी गई। इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, बरकट्ठा जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, मंत्री सुधीर सिंह, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, जिला मंत्री भाजपा किसान मोर्चा सुरेंद्र भाई मोदी, मुखिया कटिया पंचायत रेखा देवी, गरगी मुखिया फरीदा खातून, जिलाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, परसाबाद भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि भूषण चौधरी, मंत्री महेश रजक, दीपक सिंह, विपुल सिंह, शशिकांत चौधरी, किशन यादव, केडी यादव, नरेश यादव, पूर्व मुखिया विजय पंडित, सरफुद्दीन अंसारी, जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा, परसाबाद पुलिस पिकेट प्रभारी आशीष हसदा, पुलिस जवान, बिजली विभाग से आए हुए सभी पदाधिकारी एके सिन्हा जीएम हजारीबाग, एएसई कोडरमा सुखविंदर, मनोज कुमार सिंह, विजय प्रसाद महतो, नरेश कुमार, महादेव कुमार, विजय सिंह तथा सभी ग्रामीण महिलाएं बच्चे बूढ़े उपस्थित थे।

## चलकुशा सब पावर स्टेशन का उद्घाटन



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** चलकुशा सब पावर स्टेशन का उद्घाटन बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में प्रमुख सविता सिंह, उप प्रमुख शमशेर आलम, अलगडीहा, सूदन, मसकेडीह, खरगू के मुखिया तथा मुखिया प्रतिनिधि के अलावे विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, दुर्गा प्रसाद यादव, अशोक बर्णवाल, राजेश यादव, सुबोध चौधरी, श्याम सुन्दर यादव आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में बाईक सवार व्यक्ति की मौत



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत नेरू पहाड़ी के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने एक मोटरसाइकिल चालक की जान ले ली। मोटरसाइकिल चालक जो कोडरमा से डोमचांच की ओर जा रहा था उसी क्रम में एक ट्रक जिसका नंबर जेएच 12 के 8984 ने पीछे मोटरसाईकिल को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मोटरसाइकिल चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जिसकी पहचान संदीप कुमार राणा (उम्र 28 वर्ष पिता गोपीकृष्ण राणा, ग्राम बेहराडीह निवासी) के रूप मे हुई है। वह अपनी मोटर साइकिल से होम डिलेवरी का काम करता था। ट्रक ड्राइवर ने ट्रक को कुछ दूर भगा कर ले जाकर रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे लगा कर भाग गया। वही डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खां ने अपने दल बल लेकर घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जब परिजनों की इसकी जानकारी मिली तो रिलायस पेट्रोल पंप के पास जाम लगा दिया था।

## मुखिया ने बडासिंगा में चलाया अतिक्रमणमुक्त अभियान



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के ग्राम पंचायत बेलकपी के बंडासिंगा गांव में मुखिया के नेतृत्व में चला अतिक्रमण मुक्त अभियान। मुखिया ललिता देवी,धीरेंद्र पांडेय के नेतृत्व में बंडासिंगा मोड़ से मॉडल स्कूल जलहिया तक राजस्व रास्ते से जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाया गया।इस दौरान कई समाजसेवी शामिल थे।मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय ने कहा कि यह मात्र झांकी है और काम बाकी है।बन्डासिंगा का राजस्व रास्ते पर लोगो ने अतिक्रमण कर रखे है।रास्ते मे के किनारे बड़े बड़े पत्थर रखा गया है।इधर छठ पूजा को देखते हुए बंडासिंगा मोड़ से जलहिया नदी तक जानेवाले रास्ते पर हुए अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया गया ।आनेवाला समय मे रास्ते की मापी करवाकर रास्ते को अतिक्रमणमुक्त बनाया बनाया जाएगा।वहीं रास्ते का चौड़ीकरण करते हुए मरम्मती करवाया जाएगा।इस अभियान में रवि कुमार,अमर पांडेय, मनीष जोशी समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

## 2 दिन से नहीं हुई है पानी की सप्लाई

### डीसी को ज्ञापन सौप पानी सप्लाई व्यवस्था सुचारू करने की मांग



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर की एक बड़ी आबादी सप्लाई के पानी पर ही निर्भर है। पानी का सप्लाई नहीं होने पर शहर के लोग विशेषकर महिलाएं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पानी की कमी के कारण उनका दिनचर्या भी अस्त व्यस्त हो जाता है। 2 दिनों से शहर में पानी का सप्लाई नहीं हुआ है। इस संबंध में सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू, ईश्वर माहतो, तपेश्वर राम ने हजारीबाग उपायुक्त को एक ज्ञापन देकर पानी सप्लाई के व्यवस्था सुचारू करने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से उपायुक्त को अवगत कराया गया है कि चंद अधिकारियों और ठेकेदार के कर्मियों के लापरवाही के कारण शहर के हजारों लोग पानी जैसे अति आवश्यक चीज से 2 दिनों से वंचित है, जो ना सिर्फ अनुचित है बल्कि लोगों के साथ अन्याय भी है। छड़वा डैम में पर्याप्त पानी रहते, नया मोटर रहते पानी का सप्लाई ना होना दुर्भाग्यपूर्ण है। टावर नंबर 1 के कर्मियों से संपर्क करने पर बताया गया कि छड़वा डैम में बिजली के कमी के कारण पानी का सप्लाई बाधित हो रहा है। यह कोई पहली घटना नहीं है, आए दिन पानी का सप्लाई किसी ना किसी कारण से रुक जाता है और लोग परेशान होते रहते हैं। कभी बिजली कमी के नाम पर, कभी मोटर खराबी के नाम पर, कभी तार टूट जाने के नाम पर, कभी पाइप फट जाने के नाम पर पानी का सप्लाई बाधित रहता है। इसलिए मांग पत्र के माध्यम से मांग की गई है, कि पानी का सप्लाई तत्काल चालू करवाते हुए इसकी जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाए एवं डीएमएफटी फंड से छड़वा डैम को एक जनरेटर दिया जाए ताकि बिजली नहीं रहने की स्थिति में जनरेटर से पानी का सप्लाई शहर के विभिन्न टांगों में किया जा सके।

## बड़कागांव के कर्णपुरा कॉलेज में पौधरोपण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कर्णपुरा कॉलेज के प्रांगण में पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा पौधारोपण किया गया। इसका नेतृत्व प्राचार्य किर्तिनाथ महतो ने किया ।पूर्ववर्ती छात्रों में से संजय सागर, मनोज कुमार, सुनील कुमार, कविता कुमारी, रोशन कुमार, हिमाचल कुमार, ललिता कुमारी, नामधारी राम, हेमराज कुमार ने पौधारोपण किया।मौके पर पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधर महतो, अध्यापक सुरेश महतो,प्रो रामकिशोर प्रसाद, प्रो चंद्रशेखर राणा, प्रो रंजीत कुमार, प्रो अनीता देवी प्रो अनु कुमारी प्रो ऋतुराज दास प्रो सनवीर कुमार शामिल थे।

# बड़कागांव से सीधे पतरातू जाने के लिए लोगों को मिलेगा नया रास्ताः अंबा प्रसाद

**▶▶ विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर लगभग 78 करोड़ की लागत से बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलसवार, अंबाटोला, आगों, उरेज से पतरातू प्रखंड के टेरपा होते हुए डाढ़ीडीह सरना हाई स्कूल तक होगा सड़क का निर्माण**



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलसवार, अंबाटोला, आगों, उरेज से पतरातू प्रखंड के टेरपा होते हुए डाढ़ीडीह सरना हाई स्कूल तक की सड़क का निर्माण लगभग 78 करोड़ रुपए की लागत से होगा। ज्ञातव्य हो कि विगत दिनों पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव से मुलाकात कर विधायक अंबा प्रसाद ने सड़क निर्माण का अनुशंसा पत्र सौंपा था तथा जर्जर सड़क को लेकर ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल सड़क निर्माण की स्वीकृति हेतु कहा था। विधायक की अनुशंसा पर अधीक्षण अभियंता, अग्रिम योजना अंचल, पथ निर्माण विभाग ने मुख्य अभियंता, केंद्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग को डीपीआर समर्पित कर दिया है। बहुत जल्द इस सड़क को प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होगी और कैबिनेट से उक्त प्रस्ताव को स्वीकृति दिलाने का कार्य किया जाएगो इस मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि उक्त सड़क निर्माण होने से बड़कागांव प्रखंड से पतरातू प्रखंड जाने के लिए लोगों को एक विकल्प मार्ग प्राप्त होगा तथा बड़कागांव से पतरातू जाने के लिए सौंदा जाने की आवश्यकता नहीं होगी ।

### बड़कागांव प्रखंड के अन्य इन सड़कों के निर्माण की मिली स्वीकृति

विधायक अंबा प्रसाद के लगातार प्रयासों के बदौलत मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के महुगाईकला से हरली तक 2.500 किलोमीटर सड़क के सुदृढ़ीकरण का कार्य भी ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा किया जाएगा जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति विभाग द्वारा प्राप्त हो चुकी है । विधायक अंबा प्रसाद ने कहा क्षेत्र के सभी हिस्सों में अधिक से अधिक नयी सड़कों और खराब पड़े सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। बड़कागांव विधानसभा विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, लोगों को सुगम पथ की सुविधा उपलब्ध हो यह हमारा लक्ष्य है। वहीं सड़कों के निर्माण के लिए की जा रही सकारात्मक पहल होने पर ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल है और सभी ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।

## सीसीएल तापीन साउथ क्लब में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**चरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बहेरा पंचायत स्थित सीसीएल क्लब में सीसीएल हजारीबाग एरिया मेडिकल सीएसआर कायाकल्प एक्टिविटी योजना के अंतर्गत निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया एवं कोविड 19 का दोनो डोज दिया गया। जिसमे कई तरह के बीमारियों का जांच कर दवा भी दिया गया । इस दौरान बहेरा पंचायत मुखिया संघ के अध्यक्ष देवकी महतो उपस्थित रहे और ग्रामीणों से उन्होंने अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग इस जांच शिविर का लाभ लें। इस शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ नेहा, फार्मासिस्ट, सतनारायण , फार्मासिस्ट, सुशीला देवी ड्रेसर, फुलवा देवी हेल्पर, नंदलाल महतो, ड्राइवर, कोविड–19 का रेखा कुमारी एएनएम कुमारी प्रीति एएनएम, सहिया सुशीला कुमारी, केके बजपाई, बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो,विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी,रफीक अंसारी,लतीफ अंसारी, बिरजू राम,रोशनी देवी, ओम प्रकाश गिरी,नमिता देवी,पवन पासवान,ममता देवी,लीलावती देवी, जिलनानी अंसारी, मुस्कान परवीन, अजय सोरेन,पंकज वर्मा, अशोक चौहान,सहित कई गणमान्य व्यक्ति महिला, पुरुष बच्चे शामिल हुए।

## घर के बाहर खड़ी बुलेट को उड़ा ले गये चोर

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के लाखे न्यू कलोनी स्थित अनुज कुमार वर्मा के घर के बाहर खड़े बुलेट जेएच 02 एआर 0776 की गत रात चोरी हो गई। भुक्तभोगी अनुज कुमार वर्मा ने मुफ्फसिल थाने को आवेदन दिया है। जिसमे बताया है की मंगलवार की देर रात घर के बाहर खड़ी बुलेट को अज्ञात चोर ने चुरा लिया है। सुबह जब घर से बाहर निकला तो देखा की बुलेट गायब है। बगल घर में लगे सीसीटीवी में देखा तो पता चला की एक अज्ञात व्यक्ति बुलेट को लेकर जा रहा है। चोर का चेहरा सीसीटीवी में कैद हो गया है। सबसे चौकाने वाली बात यह है कि जहां मुफसिल थाना है वही से महज 100 मीटर की दूरी से बुलेट कि चोरी हुई है। थाना के सामने भी लोग सुरक्षित महसूस नही कर रहे है। रातभर पुलिस पेट्रोलिंग करती है उसी रास्ते चोर बिना डरे हुए पुलिस के आँखों में धूल झोकर चला गया।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेसियों ने दी बधाई



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पदभार ग्रहण करने पर कांग्रेसी कार्यकताओं के द्वारा खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर एक दुसरे को मिठाई खिला कर अपनी हर्ष व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है लोग भाजपा के कुशासन से त्राही माम कर रहें हैं तथा आशा भरी नजरों से कांग्रेस की ओर देख रहें हैं। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि विरेन्द्र कुमार सिंह सिंह, शशि मोहन सिंह उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, बिनोद सिंह, राजू चौरसिया, दिलीप कुमार रवि, अनिल कुमार उपाध्याय, मुखिया महेश प्रसाद साव, अर्जुन सिंह, जावेद इकबाल, विजय कुमार सिंह, अनवर हुसैन, सदरूल होदा, टिभा महतो आदि उपस्थित थे ।

## लक्ष्मी पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अमनारी करमाटांड लक्ष्मी पूजा समिति की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम सह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आस पास के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के द्वारा मनमोहक गीतों एवं गाना में नृत्य कर लोगों को मन को मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सह विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, उपमुखिया कौलेश्वर कुमार, कृष्णा कुमार, अवधेश प्रसाद समेत अन्य उपस्थित हुए। सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार आकाश कुमार एवं संजना कुमारी, द्वितीय पुरस्कार नीतु और सोनम कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार अदिति रही। सभी को मुख्य अतिथि के हाथों मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम होने से बच्चों को उमंग बढ़ता है और अपना कला दिखाने का मौका मिलता है । साथ ही प्रत्येक वर्ष पुजा में सहयोग करने की बात कहा। मौके पर समिति के अध्यक्ष कृष्णा कुमार, उपाध्यक्ष कुंदन कुमार, सचिव सुजीत कुमार, अनिल कुमार,डब्लु कुमार, सुनील कुमार, उपेंद्र कुमार,मनीष कुमार, नंदलाल कुमार, देवेंद्र कुमार,सोनु कुमार,सोनु राज, आदित्य कुमार, रितेश कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम में तुलसी महतो,देवगंगा कुमार,रघु महतो,संदीप कुमार, इंद्र महतो,मनीष कुमार, नितेश कुमार, राजकुमार समेत अन्य उपस्थित थे ।

## जतघघरा में गोवर्धन पूजा को लेकर एक दिवसीय मेला का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड़ क्षेत्र के जतघघरा में गोवर्धन पूजा को लेकर एक दिवसीय मेला आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में गायों की पूजा की गई। मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि गोवर्धन पूजा में गोधन अर्थात गायों की पूजा की जाती है। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं । मौके पर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष वीरेंद्र मोदी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बेडोकला बीरेन्द्र यादव,पंसस बरकनगांगो मनोज कुमार यादव,वार्ड सदस्य विष्णुदेव यादव, दीपक यादव,जगलाल यादव, मथुरा यादव, जोभा यादव, गाजो यादव, रंजीत यादव, अशोक यादव, संजय यादव, फुलांगी यादव, शिक्षक केदार राम, मथुरा पासवान, राजू गोप, केदार यादव, किशोर मोदी,सुभाष यादव, प्रकाश यादव, रतन पासवान, मुना पासवान, रामजी यादव, संजय यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक अंबा प्रसाद के प्रयास से होगा क्षेत्र का कायाकल्प

**केरेडारी(आजाद सिपाही) ।** क्षेत्र की विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर केरेडारी प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत मनातू के ग्राम मसूरिया लाजीदाग पहुंच मार्ग में गदुर बिगवा नदी पर बहुत जल्द विशेष प्रमंडल विभाग के द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर पुल का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगो इस पुल का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा एवं लगातार किए गए प्रयासों के बदौलत होने जा रहा है। इस मौके पर विधायक ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि मनातू के ग्राम मसूरिया लाजीदाग पहुंच मार्ग में गदुर बिगवा नदी पर पुल नहीं होने के कारण सुदूरवर्ती पंचायत के निवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ जाने से आवागमन ठप हो जाता था जिस पर मैंने संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत उक्त पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान करवाई है लगभग दो करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से पुल का निर्माण होगो उन्होंने इस अवसर पर कहा की इस पुल के निर्माण होने से प्रखंड क्षेत्र के मसूरिया, लाजीदाग, कोजिया, मनातू, पहरा, इतीज, हेवइ, पांडेकुली इत्यादि गांवों की लगभग 9000 की आबादी को इसका सीधा लाभ मिलेगो वहीँ दूसरी ओर विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर प्रखंड क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ पतरा मुख्य चौक से मनातू भाया जमीरा पहरा घागरा डैम होते हुए मनातू पहुंच मार्ग तक लगभग 12 किलोमीटर सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य की स्वीकृति भी हासिल हो गई है। साथ ही ग्राम पुरनी पेटो नीम चौक से बूढ़ी मैया झाबर गड़ा होते हुए बालूका राम के घर तक लगभग 4 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति भी हासिल हो गई है विधायक ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों मे भी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और खराब पड़े सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में पुल पुलिया, नाली, गली, पीसीसी सड़क इत्यादि का निर्माण काफी तेजी से हो रहा है, पूरा बड़कागांव विधानसभा विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है उक्त सड़कों के निर्माण की स्वीकृति हासिल होने पर ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल है और सभी ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।

## शहर के चार तालाबों में किये गये 34 कर्मी प्रतिनियुक्त



**छठ पर्व की तैयारियों को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** आगामी छठ पर्व को लेकर नगर परिषद के स्तर से की गई तैयारियों की समीक्षा हेतु कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में एक समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने चार कनीय अभियंताओं, सभी कर दरोगाओं, जमादारों, नगर मिशन प्रबंधक, नगर प्रबंधक, सीओ, सीआरपी आदि को लेकर एक टीम का गठन किया। कुल 34 लोगों की उक्त टीम शहर के चार तालाबों भट्टी तालाब, मुरली बगीचा तालाब, वन तालाब तथा चेटर तालाब में प्रतिनियुक्त रहकर साफ सफाई, प्रकाश एवं अन्य ऐसी नागरिक सुविधाओं का सतत अनुसरण करेंगे जिनकी अपेक्षा शहर के नागरिकों को नगर परिषद से होती है। इनकी प्रतिनियुक्ति आगामी 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक के लिए की गई है।

इससे पूर्व आज अपराह्न में संजय कुमार ने भट्टी तालाब का निरीक्षण भी किया, निरीक्षण के दौरान विशाल क्लब छठ पूजा समिति के समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण मौजूद थे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों को संजय कुमार ने आश्वस्त किया कि नगर परिषद की ओर से उन्हें यथासंभव पूरी मदद की जाएगी। उन्होंने शहर की सभी छठ पूजा समितियों तथा आम नागरिकों से अपील की कि यदि फिर भी नगर परिषद के स्तर से उन्हें कोई अपेक्षा रहती है तो वे सीधा उन्हें या उनके नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा को फोन कर सकते हैं।

## खड़गे के शपथ ग्रहण के बाद जिले के कांग्रेसियों में भारी उत्साह : रमेश चीनी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस के नये अध्यक्ष पद की मलिकार्जुन खड़गे ने शपथ ग्रहण करने के बाद कांग्रेसियों में नया उत्साह देखा जा रहा है। श्री खड़गे ने अपना कार्य आरंभ कर दिया है। इसपर जिला कमेटी ने बधाई दी है। वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि खड़गे के शपथ लेने से यह विश्वास पक्का हो गया है कि कांग्रेस निश्चित 2024 के चुनाव में इतिहास रचेगी और सरकार बनाएगी। इसके साथ ही जनता की उम्मीद पूरी होगी। उन्होंने आशा जतायी है कि खड़गे सभी की आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे और पार्टी के हर मंच मोर्चे में अपनी मजबूत पकड़ के साथ कार्यकर्ताओं को उत्साहित करेंगे। वहीं अकील रहमान ने कहा कि श्री खड़गे के अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस पार्टी में नये उत्साह का संचार हुआ है। पार्टी के कार्यकर्ता नये जोश के साथ मैदान में उतरेंगे। वर्ष 2024 का चुनाव काफी रोचक होगा। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी राहुल गांधी के अनुभव का भी लाभ कांग्रेस पार्टी को मिलता रहेगा। जिससे कांग्रेस पार्टी एक बार फिर पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में दिखाई देगी। बधाई देने वालों में हेमावती देवी, हिमेश कुमार, बैजनाथ, अमृता भगत, फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद आदि के नाम शामिल है।

## जेएनडी का कैडर कंवेंशन 15 को, तैयारी के लिए नियुक्त किये गये प्रभारी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल यानी जेएनडी द्वारा वीर बिरसा मुंडा की जयंती सह राज्य स्थापना दिवस के मौके पर रांची में वार्षिक कैडर कन्वेंशन का अयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी को लेकर गुमला जिला समिति द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जिले में कन्वेंशन की तैयारी करने के लिए अनुमंडल स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। गुमला अनुमंडल की जिम्मेवारी जेएनडी के मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव, शिवप्रसाद साहू, धर्मपाल उरांव, रामप्यार तुरी व बिलो भगत को तैयारी की जिम्मेवारी सौंपी गई है। वहीं बसिया अनुमंडल क्षेत्र के लिए पूरन सिंह, मारवाड़ी बिरहोर व तारा मिंज को जिम्मेवारी दी गई है तथा चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के लिए फबयानुस सारस, फिलमोन कुजूर, भूषण सिंह व स्वाति खाखा को कन्वेंशन की तैयारी की जिम्मेवारी दी गई है। गुमला नगर परिषद क्षेत्र के लिए झारखंड नवनिर्माण दल के नगर प्रभारी अजीत विश्वकर्मा व सरिता देवी को कन्वेंशन की तैयारी की जिम्मेवारी दी गई है। छठ पर्व के बाद कैडर कन्वेंशन की तैयारी की समीक्षा के लिए गुमला जिला समिति की बैठक बुलाई जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए झानद के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने बताया कि कन्वेंशन की तैयारियों को लेकर झारखंड नवनिर्माण दल अति सक्रिय है।

**कार्यक्रम : गुमला पुलिस ने शहीदों के सम्मान में 'रन फॉर यूनिटी' का किया आयोजन**

# वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पुलिस व नागरिकों ने लगायी दौड़

**रन फॉर यूनिटी जैसे आयोजन पुलिस से लेकर आम लोगों में भी उत्साह का संचार करते हैं : एसपी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** रन फॉर यूनिटी में वीर शहीदों के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए गुमला पुलिस और आम नागरिकों ने दौड़ लगायी। गुमला पुलिस ने शहीदों के सम्मान में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम गुमला पुलिस द्वारा मनाए जा रहे पुलिस संस्मरण सप्ताह के अवसर पर आयोजित किया गया। रन फॉर यूनिटी गुमला थाना से प्रारंभ हो कर पुलिस केन्द्र चांदली में आकर समाप्त हुआ।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब ने कहा कि रन फॉर यूनिटी जहां शहीदों के लिए श्रद्धांजलि है वहीं अपने स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। खुद को फिट रखने के लिए प्रतिदिन सुबह में हल्की दौड़ जरूरी है। रन फॉर यूनिटी जैसे आयोजन पुलिस से लेकर आम लोगों में भी उत्साह का संचार करते हैं। इससे देश प्रेम व राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत होती है। साथ ही पुलिस और आम नागरिकों का तालमेल बनता है। जिससे अपराध के ग्राफ में गिरावट आती है। शहीदों के सम्मान में आयोजित इस दौड़ में गुमला पुलिस का साथ देते हुए गुमला वासियों ने भी काफी हर्षोल्लास के साथ भाग लिया और इस आयोजन को सफल बना कर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौड़ में नागरिकों की तरफ से पुरुष वर्ग में बांदो राम लकड़ा, सुमित उरांव एवं विज्ञान पन्ना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिलाओं में संगीता कुमारी, अनामिका कुमारी एवं सावित्री कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुलिस की तरफ से एएसआई विक्रम उरांव, सब इंस्पेक्टर सचिन रौशन एवं सब इंस्पेक्टर विवेक चौधरी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त महिला आरक्षी प्रतिमा एक्का, हवलदार रूबेनश कुजूर, सहायक आरक्षी करमचंद उरांव, एएसआई हरिशंकर राय एवं एएसआई चंद्रदेव पाल ने अपने अपने वर्ग में बेहतर प्रदर्शन कर पुलिस अधीक्षक के हाथों सम्मान प्राप्त किया। इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में इंजीनियर तहसीन किब्रिया ने भी भाग लिया जिन्हें गुमला पुलिस ने सम्मानित किया।

## निजी डॉक्टर की क्लीनिक में हुई लापरवाही के कारण पांच माह का बच्चा गंभीर, रिम्स रेफर

**मिशन बदलाव के सदस्यों ने परिजनों से की बात और रिम्स भेजने का किया प्रबंध**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** डॉक्टर की लापरवाही का खमियाजा भोले भाले मासूम मरीज को भुगतना पड़ता है। डॉक्टर की लापरवाही के चलते कई बार मरीज की जान पर भी आफत बन आती है। डॉक्टरों की लापरवाही का ऐसा ही एक मामला निजी प्रैक्टिस करने वाले एक प्रसिद्ध डॉक्टर के क्लीनिक में इलाजरत पांच महीने के बच्चे के साथ आया है। बच्चे के परिजनों ने बताया कि बच्चा को बुखार आ रहा था। बुखार आने की वजह से उन्होंने डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने एक इंजेक्शन लिखा और क्लीनिक में कार्यरत कंपाउंडर ने बीमार बच्चे को सुई लगाई। सुई लगाने के बाद बच्चे की जांघ से लगातार खून आने लगा।

इसको लेकर डॉक्टर से बात की गई तो डॉक्टर का कहना था कि किसी दूसरे हॉस्पिटल में ले जाइये और अब इसे ब्लड चढ़ाने की जरूरत है। इसके बाद उस पांच महीने के बच्चे को सदर हॉस्पिटल गुमला ले जाया गया। वहां भी बच्चा का ब्लड आना नहीं रुक रहा था, सदर हॉस्पिटल गुमला के डॉक्टर ने कहा कि बच्चा को रिम्स रेफर करने की जरूरत है। मिशन बदलाव के सदस्यों ने देखा कि इसके बाद बच्चे की हालत खराब होती जा रही है। इसको ध्यान में रखते हुए मिशन बदलाव के सदस्यों ने गुमला सदर हॉस्पिटल से रेफर कराकर रिम्स भेज दिया। फिलहाल रिम्स में डॉक्टरों की देखरेख में इलाज जारी है। लेकिन अभी भी बच्चे की हालत में बहुत सुधार नहीं है। इस समय चिकित्सक अपने प्रयास में लगे हैं। लेकिन शरीर से अत्यधिक मात्रा में खून निकल जाने से मामला गंभीर बना हुआ है।

## विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन




**बसिया (आजाद सिपाही)।** विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया के सभागार में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार की अध्यक्षता में प्रांतीय पर्यवेक्षक ब्रजमोहन मंडल, राजेश अग्रवाल, दीनबन्धु सिंह की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर एक बैठक की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अनिल कुमार, उपाध्यक्ष अभय चौधरी, संरक्षक किस्टो प्रसाद, भुनेश्वर साहू, सचिव सुनील कुमार, सह सचिव बिनोद भगत, कोषाध्यक्ष अमर पांडेय, अभिभावक प्रतिनिधि विजय सिंह, प्रांतीय प्रतिनिधि दीनबंधु सिंह, पदेन सदस्य अभिमन्यु महतो के अलावे सदस्य के रूप में नरेश कुमार, शंकर साहू, प्रकाश साहू, कमलेश साहू, पुष्पा देवी, शिवराज साहू का चयन के किया गया। सचिव सुनील कुमार द्वारा पिछले कार्यकाल की विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर सुकरा राम गोप, मनोज साहू, दिनेश साहू, रामपत साहू, नवीन मिश्रा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## दुर्घटना में घायल युवक की रिम्स में इलाज के क्रम में मौत



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के भदौली गांव निवासी सड़क दुर्घटना में घायल दीपक पंडा के 27 वर्षीय पुत्र संदीप पंडा की इलाज के क्रम में बुधवार की अहले सुबह रिम्स में मौत हो गई। इस बावत मृतक के पिता दीपक पंडा ने बताया कि बीते सोमवार दीपावली के दिन संदीप 3 बजे स्कूटी लेकर घर से निकला था। करीब 4 बजे सिसई अस्पताल से फोन पर बताया गया कि संदीप को घायल अवस्था में 108 एम्बुलेंस से अस्पताल लाया गया है और उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही हमलोग अस्पताल पहुंचे डॉक्टर ने संदीप की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया था। जहां इलाज के क्रम में बुधवार की सुबह मौत हो गई। बाद में पता चला कि रेड़वा सुरलीबेड़ा के समीप सड़क के किनारे संदीप घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस बुलाकर उसे रेफरल अस्पताल भेजवाया था। उन्होंने संदीप को किसी अज्ञात वाहन के द्वारा ठोकर मारने की आशंका जाहिर की है। समाचार लिखे जाने तक सिसई थाना में केस दर्ज नहीं हो पायी थी।

## सिसई में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सेमरा हर्रा टोली गांव निवासी गूंगा गोप का पुत्र लक्ष्मण गोप (22) ने मंगलवार की रात्रि को रौशनपुर लाइन होटल के समीप आम के पेड़ में गमछा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी रघुनन्दन राय दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रौशनपुर स्थित अपने मामा जितेंद्र गोप के घर में रहकर पढ़ाई करता था और उनके कार्यों में हाथ बंटाता था। घटना के बावत जितेंद्र ने बताया कि मंगलवार की शाम में वह नशे में था, रात में सभी खाना खाकर सो गए थे। लक्ष्मण ने कब घर से निकल कर फांसी लगा ली किसी को पता नहीं चला। सुबह उठकर बाहर निकले तो देखा लक्ष्मण फांसी के फंदे से लटका हुआ है और उसकी मौत हो चुकी है।

**कार्यक्रम : नगर परिषद की ओर से भैया दूज पर की गयी विशेष पहल**

# बहनों के नाम से प्रतिष्ठान वाले व्यवसायी भाइयों को किया सम्मानित

**वस्त्र व्यवसायी अभय राम ने अपनी बहन सुमन को बनाया है प्रतिष्ठान का मालिक**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बुधवार को अपनी टैक्स संग्रह टीम से सर्वे करवाया कि शहर में ऐसे कितने प्रतिष्ठान हैं जिनका नाम घर की बहन-बेटी के सम्मान स्वरूप बहन बेटी के नाम पर हैं। इस प्रकार सर्वे में चिन्हित किए गए संस्थानों में से रैंडम रूप से दो बहनों को भाई दूज के अवसर पर संजय कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर उपहार प्रदान किये।

बुधवार को जिनको सम्मानित कर उपहार दिए गए उनमें से एक अभय राम शहर में वस्त्र व्यवसाय का कार्य करते हैं। उन्होंने अपनी बहन सुमन को अपने प्रतिष्ठान का मालिक बनाया हुआ है, उनका कहना है कि वे क्या फिर भी खोलने जा रहे हैं तो वह भी बहन के नाम से ही खोलेंगे। भाई-बहन के बीच इतने अच्छे प्रेम को देखकर संजय कुमार ने भाई अभय और बहन सुमन दोनों को उपहार देकर सम्मानित किया, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य था व्यवसाय में समृद्धि की कामना की।

इसी प्रकार खुशबू एंटरप्राइज की मालिक खुशबू कुमारी को उनके पिता की मौजूदगी में उपहार दिए गए।

संजय कुमार ने कहा कि भाई दूज के अवसर पर नगर परिषद की ओर से भाई-बहनों के प्यार को समर्पित यह एक छोटी सी पहल थी।

इस मौके पर नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, सर्व जागृति संस्थान की सावित्री देवी, फिल्म निमार्ता नवीन केरकेट्टा, समाजसेवी सुशील सिंह के अलावा कार्यालय के कर्मचारीगण मौजूद थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## मिस झारखंड एशिया इंटरनेशनल स्मिता भावना ने सीएम से शिष्टाचार मुलाकात की



**सिसई (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिस झारखंड एशिया इंटरनेशनल सिसई निवासी कुमारी स्मिता भावना ने शिष्टाचार मुलाकात की। स्मिता वर्ष 2021 में दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में मिस ग्लैम फेस इंडिया भी रह चुकी हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड के मुख्यमंत्री से मिलकर राज्य में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभावान युवा जो राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं, उनको प्रोत्साहन व बढ़ावा देने का आग्रह किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्मिता के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी। इस मौके पर डांस समिति के अध्यक्ष राम सिंह, मिस इंडिया चार्मिंग यूनिवर्स व मिस ट्राईबल क्वीन पूजा लकड़ा मौजूद थे।

## बसिया पुलिस ने छह जुआरियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत कुम्हारी के छह जुआरियों को बसिया पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी छोटू उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को कुम्हारी में बड़े पैमाने पर जुआ खेलने संबंधी गुप्त सूचना प्राप्त हुई, जिसके उपरांत थाना प्रभारी छोटू उरांव, एसआइ प्रदीप रजक सशस्त्र बल के साथ मंगलवार रात को कुम्हारी गांव में छापामारी कर कुम्हारी निवासी सुधीर साहू, मोहन साहू, सुरेश यादव, बलि साहू, अजित साहू और अमरजीत एक्का को जुआ खेलते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर थाना ले आयी। बुधवार को सभी गिरफ्तार छह व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मालूम हो कि पुलिस के द्वारा जुआरियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बावजूद लोग जुआ खेलने से बाज नहीं आ रहे हैं।

## सीओ ने प्रखंड मुख्यालय के कई छठ घाटों का किया औचक निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में छठ महापर्व की तैयारी जोरों से की जा रही है, लेकिन छठ घाट में साफ-सफाई को लेकर प्रखंड प्रशासन उदासीन रवैया अपना रहा है। अखबारों में खबर छपने के बाद बुधवार को सीओ प्रणव ऋतुराज ने प्रखंड मुख्यालय के कई छठ घाटों का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में चांदनी चौक छठ नगर स्थित छठ घाट पहुंचे। निरीक्षण के क्रम में सदस्यों से सुरक्षा, विधि व्यवस्था की समुचित जानकारी ली। साथ ही उन्होंने 24 घंटे के अंदर साफ सफाई प्रखंड प्रशासन के द्वारा कराये जाने की बात कही। मौके पर जिप सदस्य तेम्बू उरांव, अमित ठाकुर, ओम मिशेष मिश्रा, अनिल प्रसाद सहित कई सदस्य शामिल थे।

## पंचायत समिति सदस्य की अगुवाई में श्रमदान कर छठ घाट की सफाई की गयी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** छठ पूजा को लेकर चपका पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सीमा देवी की अगुवाई में ग्रामीणों के सहयोग से छठ घाट की सफाई की गई। इस दौरान सुबह में ही गांव के दर्जनों युवा और महिलाओं के द्वारा छठ घाट पहुंचकर वहां उगे घास को हटाया गया। साथ ही साथ जो भी कचरा था उसे साफ कर दिया गया है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सीमा देवी ने बताया कि छठ घाट में काफी गंदगी थी। प्रशासन के द्वारा साफ सफाई नहीं करायी जा रही थी। अंत में हम लोगों ने यह निर्णय लिया कि गांव के स्थानीय लोगों के ही सहयोग से इसे साफ सफाई करके पूजा करने योग्य स्थल बनाएंगे। इसी निमित साफ सफाई की गई। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से मांग की है कि छठ घाटों को और सुंदर बनाने के लिए योजना स्वीकृत कर इसे सुंदर बनायें।

## भाजपा कार्यकर्ता की माता के निधन पर शोक व्यक्त



**भरनो (आजाद सिपाही)।** बस्ती निवासी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सह पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार केसरी की माता सरस्वती देवी (88) का बुधवार की सुबह अपने ब्लॉक चौक स्थित आवास में आकस्मिक निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनके निधन पर भरनो में शोक की लहर है। निधन के बाद बुधवार को कमलपुर स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके निधन पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप चन्द्र अधिकारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, मण्डल अध्यक्ष मनोज वर्मा, किशोर साहू, भोला प्रसाद केशरी सहित कई भाजपाइयों और गण्यमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## स्कॉर्पियो की टक्कर में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के चपका पंचायत सचिवालय के समीप बुधवार की शाम स्कॉर्पियो की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में घाघरा निवासी कमल भगत, हहरि निवासी अखिलेश उरांव, घोड़ा टांगर निवासी अरविंद भगत के नाम शामिल हैं। तीनों घायलों को चपका निवासी समाजसेवी अनिल साहू, नलिन सिंह सहित अन्य ग्रामीणों के सहयोग से टेंपो में उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां तीनों का इलाज चिकित्सकों द्वारा किया गया और बेहतर इलाज हेतु घाघरा निवासी कमल भगत को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार घाघरा से गुमला की ओर स्कॉर्पियो गाड़ी जा रही थी। वहीं विपरीत दिशा से मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक घाघरा की ओर आ रहे थे। जहां चपका पंचायत सचिवालय के समीप स्कॉर्पियो से टक्कर हो गई, जिससे तीनों घायल हो गए। वहीं स्कार्पियो चालक अपने वाहन को लेकर फरार हो गया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 एंबुलेंस के नहीं होने के कारण समाजसेवी अनिल साहू, नलिन सिंह ने आर्थिक सहयोग कर एंबुलेंस में गुमला सदर अस्पताल घायल कमल भगत को भेजवाया। पुलिस को सूचना मिलने पर घाघरा थाना पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंच घायलों का हालचाल जाना और मामले की छानबीन में जुट गई है।

